**सौगात** | लोक निर्माण मंत्री ने दी सौगात: 10 किलोमीटर लंबी बरेला से पड़वार मार्ग बनने से मिलेगा लाभ

# 28 .34 करोड़ की लागत की 10 किमी सड़कों का भूमिपूजन




**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पनागर विधानसभा अंतर्गत 28.34 करोड़ की लागत से 10 किलोमीटर लंबी बरेला से पड़वार मार्ग निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक समय था जब छोटी-छोटी सड़कों के लिए संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासात्मक सोच के कारण गांव-गांव पक्की सड़कें बन रही हैं।

अब सिर्फ कागजों पर दिखने वाला विकास नहीं बल्कि यथार्थ की धरातल में दिखने वाला विकास है और यह सब विकास आधारित सकारात्मक सोच का परिणाम है। इसके साथ ही सिंह ने कहा कि आज हमारी कई योजनाएं घर घर में हैं जिनसे संतुष्टिकरण की नीति से जनता की सेवा की जा रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुशील इंदु तिवारी ने बरेला से पड़वार की सड़क के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में बताकर कहा कि अब इससे लगभग 50 गांव जुड़ेंगे और क्षेत्र में सकारात्म क परिवर्तन आयेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, सुभाष तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### सिहोरा विस की 4 सड़कों का किया गया भूमिपूजन

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सिहोरा विधानसभा अंतर्गत 8.27 करोड़ की लागत से पिटकुही से पंडुटोला मार्ग एवं जैतपुरी से निवास मार्ग नारायणपुर से पिपरिया और बटुआ से घुघरा मार्ग का भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक नंदिनी मरावी, सुभाष तिवारी रानू, डॉ. रविन्द्र चनपुरिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।





# धार्मिक उल्लास से गूंजेगा पिसनहारी क्षेत्र

**पंचकल्याणक महोत्सव में 2 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना**

**नवभारत, जबलपुर।** दयोदय तीर्थ गौशाला में नवनिर्मित जिनालय की श्री 1008 माज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक चौबीसी जिनविंब प्रतिष्ठा एवं सप्तरथ महोत्सव 2025 का दिव्य आयोजन होने जा रहा है। 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर 2025 तक पिसनहारी की मढ़िया के सामने स्थित दद्दा ग्राउंड पर यह विराट धार्मिक महाकुंभ आयोजित होगा, जिसमें लगभग 2 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले गजरथ महोत्सव के पुण्य पात्रों का चयन 25 दिसम्बर को आचार्य श्री समयसागर महाराज के सान्निध्य में पिसनहारी की मढ़िया में दोपहर के सत्र में किया जाएगा। आगामी महोत्सव को लेकर जैन समाज में उत्साह चरम पर है और आयोजन समिति बड़े स्तर पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है।

### कांटों से हर व्यक्ति बचता है, पर फूलों से बचना कठिन है

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री समयसागर महाराज ने कहा कि तीर्थंकर वैभव-संपन्न होते हुए भी परवस्तु से अनासक्त रहते हैं। मोहनीय कर्म ही राग-द्वेष का कारण बनता है। उन्होंने कहा काँटों से हर व्यक्ति बचता है, पर फूलों से बचना कठिन है। द्वेष से अधिक राग विषैला है। शत्रु हो या मित्र—दोनों ही भावांतर तक ले जाते हैं। आचार्यश्री ने आगे कहा कि क्रोध अकेला कषाय नहीं है, बल्कि लोभ उससे भी अधिक भयानक है। धार्मिक क्षेत्र में यदि धन का सदुपयोग नहीं किया गया तो वही धन विषयों में व्यय होकर जीव को संसार में उलझा देता है।

# भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाताओं का करें सहयोग : हितानंद



**एसआईआर अभियान को लेकर पार्षद, मंडल अध्यक्षों की बैठक में दिए गए निर्देश**

**नवभारत, जबलपुर।** एसआईआर अभियान में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता सहभागी बनें और मतदाताओं का सहयोग करें ,इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिदिन समय निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं। ये बात भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित जबलपुर नगर निगम के पार्षद, पार्षद प्रत्याशियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने ये भी कहा कि एसआईआर अभियान वर्तमान की मतदाता सूची को पारदर्शी तथा और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर के पूर्व अपने अपने बूथ के कार्य को पूर्ण कर लें । बैठक को जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बैठक में जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव,अभय सिंह ठाकुर, कमलेश अग्रवाल, श्रीराम शुक्ला, शंकर श्रीवास्तव, नंदकुमार यादव, जय सचदेवा, रमेश रैकवार, सुशील चौबे, राजेश बड़गैयां, लोचन साहू, दिलीप पटेल, रजनी कैलाश साहू, अंशुल लालू यादव, रेनू कोरी, संतोषी ठाकुर, मधुबाला राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा का युवा सम्मेलन आज



**जबलपुर।** नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी का जबलपुर आगमन कल शुक्रवार 21 नवम्बर को दोपहर 12:30 बजे रेल मार्ग से होगा। श्री कोठारी यहाँ दोपहर 2 बजे रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित युवा सम्मलेन में शामिल होकर उद्बोधन देंगे। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा युवा सम्मेलन का आयोजन भाजपा कार्यालय रानीताल में किया गया है।

# मरणोपरांत देहदान पर अनिल काले को दिया राजकीय सम्मान

**परिजनों ने चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिये मेडिकल कॉलेज को सौंपी पार्थिव देह**



**नवभारत, जबलपुर।** मरणोपरांत देहदान करने पर जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के लिपिक अनिल काले को आज गुरुवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज में राज्य शासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पचपन वर्षीय श्री काले का हृदयघात से निधन हो गया था। वृंदावन कॉलोनी, गंगा मैया इंदिरा नगर राँझी निवासी श्री काले की अंतिम इच्छा के अनुरूप उनके परिजनों ने उनकी पार्थिव देह को तमाम कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद गुरुवार सुबह चिकित्सा छात्रों के अध्ययन और मानवता की भलाई के लिये मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया।

शोध के लिये शरीर दान करने पर श्री काले को मेडिकल कॉलेज में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पुलिस की टुकड़ी द्वारा उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इस अवसर पर दिवंगत की धर्मपत्नी नीना काले, बड़े भाई श्रीकांत काले, पार्षद प्रतिभा भापकर, पुरुषोत्तम माने, सुनील कुमार, अनिल शिंदे, नितिन माने सहित जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज का स्टाफ और संबंधी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के डॉ नटवर अग्रवाल एवं बॉडी डोनेशन के नोडल डॉ राजेन्द्र सिंह कुशवाहा ने पुष्प अर्पित कर श्री काले को श्रद्धांजलि दी। मेडिकल कॉलेज के बॉडी डोनेशन नोडल अधिकारी डॉ कुशवाहा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ द्वारा मरणोपरांत देहदान करने वाले व्यक्तियों को राजकीय सम्मान देने के निर्णय से लोगों में देहदान और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

## एक नजर में



### हमारे राम का प्रीमियर 29-30 नवंबर को

**नवभारत, जबलपुर।** फेलिसिटी थिएटर अपने भव्य नाट्य मंचन हमारे राम का प्रीमियर 29 और 30 नवंबर, 2025 को जबलपुर के तरंग ऑडिटोरियम में करने जा रहा है। गौरव भारद्वाज निर्देशित इस मेगा प्रोडक्शन में बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा रावण की भूमिका में नज़र आएंगे, जबकि भगवान राम की भूमिका राहुल आर. भुचर निभाएंगे। हनुमान के रूप में दानिश अख्तर, माता सीता के रूप में हरलीन कौर रेखी, भगवान शिव के रूप में तरुण खन्ना और सूर्य देव के रूप में करण शर्मा मंच पर दिखाई देंगे। नाटक की विशेषता है रामायण के अनकहे प्रसंग, अद्भुत सेटअप, हवाई प्रस्तुति और 50 से अधिक नर्तकों का शानदार प्रदर्शन। संगीत को कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम ने अपनी आवाज़ दी है। फेलिसिटी थिएटर के एमडी राहुल भुचर ने कहा कि हमारे राम युवा पीढ़ी के लिए रामायण को नए रूप में प्रस्तुत करेगा और सांस्कृतिक जुड़ाव को और गहरा बनाएगा। जबलपुर में यह प्रस्तुति दर्शकों के लिए एक अनूठा और यादगार सांस्कृतिक अनुभव होने वाली है।



### फाइनल में पहुंचे एसआरआईटी और जीजीआईटीएस


**नवभारत,जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में श्रीराम कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित नोडल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों में एसआरआईटी और जीजीआईटीएस ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में जीजीआईटीएस ने 15 ओवर में 7 विकेट पर 120 रन बनाए, जिसमें अंबर शर्मा ने 43 रन बनाए। श्रीराम ग्रुप्स की टीम 95 रन पर सिमट गई और 25 रन से हार गई। दूसरे सेमीफाइनल में एसआरआईटी ने 12 ओवर में 104 रन बनाए। हिमांशु ने 44 रन और भागवत ने 4 विकेट लिए। जेईसी की टीम 50 रन ही बना सकी और मैच 54 रन से हार गई।कार्यक्रम में चेयरमैन रामेंद्र कर्सोलिया, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, एचओडी बरखा गुप्ता, नोडल अधिकारी भगवान सिंह, खेल अधिकारी नितेन्द्र सिंह और हरविंदर सिंह उपस्थित रहे। निर्णायक रामराव और अशोक रहे।

### अंजुमन चौराहा अब बंगाली क्लब के नाम से जाना जाएगा

**नवभारत,जबलपुर।** अंजुमन स्कूल और सरकार हॉस्पिटल के बीच में स्थित चौराहे का नाम ''बंगाली क्लब चौराहा'' और राईट टाउन प्रेम मंदिर स्थित चौराहा' का नामकरण एवं प्रेम मंदिर से लेकर आस्था मेडिकल तक की रोड का नाम स्व. राजा बहादुर सिंह ''राजा भैया'' मार्ग रखा गया है। ये बात निगम अध्यक्ष रिंकुज विज ने कही है। मेयर इन काउंसिल बैठक में पारित संकल्प क्र-615 एवं 512 अपर-आयुक्त के पंजीबद्ध पत्र क्रमांक-589 एवं 586 दिनांक 24 सितम्बर 2025 के अनुसार अंजुमन स्कूल और सरकार हॉस्पिटल के बीच में स्थित चौराहे का नाम बंगाली क्लब चौराहा और राईट टाउन प्रेम मंदिर स्थित चौराहे का नामकरण एवं प्रेम मंदिर से लेकर आस्था मेडिकल तक की रोड़ का नाम स्व. राजा बहादुर सिंह ''राजा भैया'' मार्ग किये जाने के संबंध में विचार किया गया। जनभावनाओं को देखते हुए निगम अध्यक्ष रिकुंज विज के द्वारा दोनों प्रस्तावों को सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई एवं आयुक्त को इस संबंध में पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्यवाही करने को कहा गया है।

# जमादी-उल-आखिर का चाँद नज़र आने की उम्मीद

**मुफ्ती ए आज़म ने एसआईआर को गंभीरता से लेने की अपील**



**जबलपुर।** मुफ़्ती-ए-आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 21 नवंबर जुमा मुताबिक 29 जमादी-उल-अव्वल को माहे जमादी-उल-आखिर का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा शाम मगरिब की नमाज़ के वक्त चाँद देखने की कोशिश करे। चाँद दिखाई देने पर तुरंत मौलाना साहब को उनके मोबाइल नंबर 9302256729 पर सूचना दें, ताकि समय पर चाँद का एलान किया जा सके। इसी के साथ, मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी ने मुस्लिम समाज से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गंभीरता से लेने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि इस सरकारी प्रक्रिया के तहत मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट से जोड़े जा रहे हैं, जिससे प्रत्येक व्यक्ति का नाम अपने माता-पिता के साथ सरकारी रिकॉर्ड में ठीक प्रकार से दर्ज हो सके। मौलाना साहब ने इमाम साहिबान से भी अनुरोध किया कि वे जुमे की नमाज़ से पहले अपनी तक़रीर में एस आई आर प्रक्रिया के महत्व पर विशेष रूप से रोशनी डालें, क्योंकि मौजूदा हालात में नागरिकता को जन्मसिद्ध आधार पर सिद्ध करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अंत में उन्होंने कहा कि समुदाय अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के मद्देनज़र एस आई आर प्रक्रिया को 3 दिसंबर से पहले पूरा करे।

## क्रिकेट सेमीफाइनल में हुए रोमांचक मुकाबले

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में जारी अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के सातवें दिन गुरुवार को क्रिकेट के दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जिसमे पहला सेमीफाइनल कमर्शियल बनाम इंजीनियरिंग विभाग के बीच हुआ। जिसमें टॉस जीतकर कमर्शियल विभाग ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। किंतु विपक्षी गेंदबाजों के सामने टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी और 59 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाबी पारी में इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने मैच पर कब्जा जमाते हुए जीत दर्ज की और शुभम शर्मा की कप्तानी में फाइनल में प्रवेश किया।

# डॉ . द्विवेदी तीसरी बार काउन्सलर निर्वाचित



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी.एस. द्विवेदी लगातार तीसरी बार इण्डियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस, नई दिल्ली के काउन्सलर निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने उन्हें सम्मानित कर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि मृदा विज्ञान क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान व समर्पण का प्रमाण है। देश की सबसे बड़ी मृदा विज्ञान सोसायटी द्वारा कराए गए इस चुनाव में देशभर से 19 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें डॉ. द्विवेदी को दूसरी वरीयता प्राप्त हुई।

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में ननि आया अव्वल





**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के सतत् प्रयास एवं मॉनिटरिंग रंग लाई है। सी.एम. हैल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 98.58 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में जबलपुर नगर निगम अव्वल आया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा कुल 3 हजार 5 सौ 39 शिकायतों में से लगभग 59.34 प्रतिशत शिकायतों का शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी संतुष्टि के उपरांत निराकरण कराया गया है। नगर निगम को इसके लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी ग्रेडिंग लिस्ट में प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया है। इस प्रकार नगर निगम जबलपुर के द्वारा अधिकतम प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक एवं सकारात्मक निराकरण किया गया।

सी.एम. हैल्प लाइन की प्रभारी तथा सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह नगर निगम के कार्यो की ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसके अंतर्गत माह अक्टूबर 2025 की ग्रेडिंग जारी हुई है, जिसमें जबलपुर को ए ग्रेड और प्रदेश के सभी नगर निगमों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# सफल रही हार्ट वॉल्व की सर्जरी, मरीज को मिली राहत

**गैलेक्सी सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीक से किया उपचार**



**नवभारत, जबलपुर।** हृदय रोग एक बड़ी समस्या बनकर उभरे हैं, हार्ट अटैक, हार्ट के वॉल्व खराब होना जैसी समस्याएं इन दिनों आम हो चली हैं। ऐसे में उखरी रोड स्थित गैलेक्सी सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में गत दिवस मंडला से आए पेशेंट किशोर दुबे को विशेष उपचार प्रदान किया गया। श्री दुबे ने बताया कि अचानक से उनकी हृदय की धड़कन बहुत तेज हो गई व उन्हें बहुत घबराहट होने लगी। इसके बाद वे कई चिकित्सकों से मिले। वहीं शासकीय अस्पताल में हुई जांच में उन्हें पता चला कि उनके हार्ट का वॉल्व खराब हो गया है, इसके लिए ओपन सर्जरी करनी होगी, ऐसे में वे उपचार के लिए गैलेक्सी हॉस्पिटल पहुंचे। जहां विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ.हरि शंकर प्रताप सिंह चंदेल की टीम ने उन्हें उपचार प्रदान किया। आज वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। चिकित्सकों ने बताया कि आमतौर पर हार्ट का वॉल्व खराब होने का मुख्य कारण उम्र के साथ वॉल्व में कठोरता या कैल्सीफिकेशन आना है, जिससे वॉल्व ठीक से खुल या बंद नहीं होते। उम्र बढ़ना, संक्रमण, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह और धूम्रपान जैसी आदतें भी इनके खराब होने की वजह हैं। चिकित्सकों ने बताया कि ये सर्जरी काफी जटिल प्रक्रिया है लेकिन हॉस्पिटल में मौजूद आधुनिक तकनीक की मदद से यह प्रक्रिया काफी आसान हो गई है। सर्जरी के बाद पेशेन्ट को बेहद संतुलित दिनचर्या अपनाने की सलाह व विशेष मार्गदर्शन भी दिया जाता।

**आयोजन** | रादुविवि में तीन दिवसीय अंतर जिला ( विश्वविद्यालय स्तर ) युवा उत्सव

# दूसरे दिन गीत-संगीत से गुलजार हुआ विवि परिसर



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय अंतर जिला (विश्वविद्यालय स्तर) युवा उत्सव के दूसरे दिन मंच शास्त्रीय, लोक एवं पाश्चात्य गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के संरक्षण तथा कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्रा की उपस्थिति में दिनभर चली प्रतियोगिताओं में पांच जिलों—जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडौरी और नरसिंहपुर के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुबह वादन प्रतियोगिताओं में शास्त्रीय एकल वादन (परकुशन/नॉन-परकुशन) की स्पर्धाएं हुईं, जिनका संचालन डॉ. हरलिन कौर रूपराह, डॉ. सरिता यादव और डॉ. अंजू सिंह ने किया। अपरांह आरंभ हुई गायन प्रतियोगिताओं में एकल शास्त्रीय, सुगम, पाश्चात्य एवं समूह गायन भारतीय-पाश्चात्य श्रेणियों में प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। 'जाय कहो उनसे', 'ऐरी लाली पिया बिन...', 'ठुमक-ठुमक पग पायलिया' जैसे लोक-शास्त्रीय गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में डॉ. सुनील देशपांडे, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. आर.के. गुप्ता सहित सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं आयोजन टीम के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### आज होगा समापन

युवा उत्सव के तीसरे दिन प्रात: एकल (शास्त्रीय) एवं समूह लोक नृत्यों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिसके उपरांत समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।



# करणी सेना परिवार का न्याय आंदोलन कल

**नवभारत, जबलपुर।** अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई को मजबूत स्वर देने के उद्देश्य से करणी सेना परिवार एवं सर्व समाज (म.प्र.) द्वारा आयोजित स्वाभिमान सम्मेलन एवं जन क्रांति न्याय आंदोलन की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं।

प्रमुख दीपक सिंह चौहान ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह कार्यक्रम शनिवार, 22 नवम्बर 2025 को दोपहर 1 बजे मझौली (जबलपुर) में आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और संगठन पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। साथ ही 21 दिसम्बर को जिला हरदा में होने वाले प्रदेशव्यापी जन आंदोलन में शामिल होने का आव्हान करेंगे। दीपक सिंह चौहान एवं संगठन ने अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। पत्रकार वार्ता में भानु सिंह चौहान,हर्षित सिंह राजपुत, विवेक सिंह ठाकुर , राजनन्द सिंह, विक्की सिकरवार, डब्बू ठाकुर, अंकित प्रताप सिंह, अनिरुद्ध सिंह, योगेश सिंह, ऋषि सिंह, शिवेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।